फा. सं. 12016/02/2025-रा.भा.(का.2)

भारत सरकार

गृह मंत्रालय

राजभाषा विभाग

***

एनडीसीसी-2 भवन,बी विंग,चौथा तल,
जय सिंह रोड, नई दिल्ली-110001,
दिनांकः 17.04.2025

कार्यालय ज्ञापन

विषयः "राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह" के आयोजन के संबंध में।

राजभाषा संबंधी सांविधानिक और कानूनी उपबंधों का अनुपालन सुनिश्चित करने व संघ के सरकारी कामकाज में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए गृह मंत्रालय के एक स्वतंत्र विभाग के रूप में 26 जून 1975 को राजभाषा विभाग की स्थापना की गई।

2. सहर्ष अवगत कराना है कि इस वर्ष राजभाषा विभाग की स्थापना के स्वर्णिम 50 वर्ष पूरे हो रहे हैं। स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में राजभाषा विभाग द्वारा 26 जून, 2025 को दिल्ली में **"राजभाषा विभाग स्वर्ण जयंती समारोह"** का आयोजन किया जाना है। साथ ही जुलाई, 2025 के प्रथम सप्ताह में हैदराबाद में भी एक भव्य सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

3. इस स्थापना दिवस को अधिक भव्य बनाने के लिए विभिन्न संगठनों द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों की प्रदर्शनी लगवाये जाने की योजना है। अतः सभी संगठनों से अनुरोध है कि यदि आपके संगठन ने विगत 50 वर्षों या पिछले दशक में राजभाषा से सम्बंधित कुछ विशेष नवाचार/ उल्लेखनीय कार्य किया है, जिसे आपके स्टाल में प्रदर्शित कर सके, तो उसका ब्यौरा तत्काल राजभाषा विभाग को भिजवा दें।

4. साथ ही इस स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किसी संगठन द्वारा राजभाषा से सम्बंधित कोई ऐसा विशेष नवाचार/प्रकाशन किया है, जिसे इस अवसर पर विमोचित किया जा सके, उस प्रकाशन सामग्री का ब्यौरा भी विभाग को भिजवा दें। सामान्य पत्रिका आदि इसमें शामिल नहीं हैं ।

5. उपरोक्त दोनों सूचनाओं/सुझावों को 15 दिनों के भीतर विभाग के अनुसंधान अधिकारी के ई-मेल आईडी santosh.gupta89@nic.in पर भिजवा दें ।

मीनाक्षी जॉली

(डॉ. मीनाक्षी जॉली)
संयुक्त सचिव, राजभाषा विभाग

प्रति :

1. सभी मंत्रालयों/विभागों/उपक्रमों/बैंक/स्वायत्त संगठन/बोर्ड/अधीनस्थ कार्यालयों के प्रमुख।